# कार्यवाही विवरण

**मेसर्स सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, ग्राम–नेवनारा, तहसील–बेरला, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) में प्रस्तावित डी.आर.आई. किल्न की स्थापना (स्पंज आयरन क्षमता–7,92,000 टन प्रतिवर्ष), इण्डक्शन फर्नेस विथ सी.सी.एम., एल.आर.एफ. ए.ओ.डी., वी.डी. (एम.एस. बिलेट्स क्षमता–9,24,000 टन प्रतिवर्ष), रोलिंग मिल विथ रि–हीटिंग फर्नेस एंड कोल गैसीफयर (222 $MNm^3$/ Annum) (रोल्ड प्रोडक्ट्स क्षमता–7,00,000 टन प्रतिवर्ष), सबमर्जड इलेक्ट्रिक फर्नेस (फैरो मैंगनीज–85,800 टन प्रतिवर्ष/सिलिको मैंगनीज क्षमता–72,600 टन प्रतिवर्ष), डब्लू.एच.आर.बी. बेस्ड पॉवर प्लांट क्षमता–44 मेगावॉट, ए.एफ.बी.सी.बेस्ड पॉवर प्लांट क्षमता–136 मेगावॉट, वायर ड्रॉईंग मिल (एच.बी. वायर क्षमता–2,00,000 टन प्रतिवर्ष) एवं फ्लाई एश ब्रिक्स यूनिट–7,00,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 04.02.2022 को समय प्रातः 11:00 बजे, स्थान–शासकीय उद्यान रोपणी (नर्सरी), ग्राम–नेवनारा, तहसील–बेरला, जिला–बेमेतरा में आयोजित लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण :–**

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत मेसर्स सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, ग्राम–नेवनारा, तहसील–बेरला, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) में प्रस्तावित डी.आर.आई. किल्न की स्थापना (स्पंज आयरन क्षमता–7,92,000 टन प्रतिवर्ष), इण्डक्शन फर्नेस विथ सी.सी.एम., एल.आर.एफ. ए. ओ.डी., वी.डी. (एम.एस. बिलेट्स क्षमता–9,24,000 टन प्रतिवर्ष), रोलिंग मिल विथ रि–हीटिंग फर्नेस एंड कोल गैसीफयर (222 $MNm^3$/ Annum) (रोल्ड प्रोडक्ट्स क्षमता–7,00,000 टन प्रतिवर्ष), सबमर्जड इलेक्ट्रिक फर्नेस (फैरो मैंगनीज–85,800 टन प्रतिवर्ष/सिलिको मैंगनीज क्षमता–72,600 टन प्रतिवर्ष), डब्लू.एच.आर.बी. बेस्ड पॉवर प्लांट क्षमता–44 मेगावॉट, ए.एफ.बी.सी. बेस्ड पॉवर प्लांट क्षमता–136 मेगावॉट, वायर ड्रॉईंग मिल (एच.बी.वायर क्षमता–2,00,000 टन प्रतिवर्ष) एवं फ्लाई एश ब्रिक्स यूनिट–7,00,000 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उद्योग के आवेदन के परिपेक्ष्य में राष्ट्रीय समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाईम्स, नई दिल्ली, दिनांक 01.01.2022 एवं दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ दिनांक 01.01.2022 में लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तदानुसार लोक सुनवाई दिनांक 04.02.2022 को समय प्रातः 11:00 बजे, स्थान–शासकीय उद्यान रोपणी (नर्सरी), ग्राम–नेवनारा, तहसील–बेरला, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक सार की प्रति एवं इसकी सी.डी. जन–सामान्य के अवलोकन हेतु डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़, कलेक्टर कार्यालय कलेक्टर, जिला–बेमेतरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–बेमेतरा, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला–बेमेतरा, सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत नेवनारा, जिला– बेमेतरा , क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला, भिलाई, जिला–दुर्ग एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास, भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर में रखी गई थी। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां इस सूचना के जारी होने के

दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला भिलाई, जिला–दुर्ग में कार्यालयीन समय में मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, 5/32 बंगला भिलाई, जिला–दुर्ग में उक्त परियोजना के संबंध में लिखित रूप से 77 आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां प्राप्त हुई है।

उपरोक्त परियोजना की लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 04.02.2022 को समय प्रातः 11:05 बजे संयुक्त कलेक्टर, जिला–बेमेतरा की अध्यक्षता में स्थान–शासकीय उद्यान रोपणी (नर्सरी), ग्राम–नेवनारा, तहसील–बेरला, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) में लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम संयुक्त कलेक्टर, जिला बेमेतरा द्वारा निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर लोक सुनवाई प्रारंभ करने की घोषणा की गई। तदोपरांत क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई द्वारा लोक सुनवाई प्रारंभ करते हुए भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् उद्योग की ओर से प्रतिनिधि/कंसलटेन्ट श्री जी.के. लखोटिया, मे0 सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड के प्रतिनिधि, श्री सुधीर सिंह, पायोनियर इनवायरो लेबोरेटरीज प्रा0 लि0, हैदराबाद द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।

संयुक्त कलेक्टर, जिला बेमेतरा द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को लोक सुनवाई संबंधी विषय पर अपने आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने उक्त परियोजना के संबंध में अपना आपत्ति, सुझाव, विचार एवं टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री उदयराम साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ कार्य खेती बाड़ी, पूर्व सरपंच, ग्राम सभा अध्यक्ष, पर्यावरण संबंधी अपनी बात रखना है। आज उरला सिलतरा जैसे उद्योग है, उसके बारे में आप सब जानते हैं, पेड़ पौधा लगा है। वहां पर बैठकर चाय पीना दूभर है। मैं उद्योग के विरोध करत हव, हम नेवनारा निवासी ये चिंता करत हन कि हमर गांव से कोनो प्रकार के सहमति नइ होय हे, कागज सहमति नहीं दे हन, हमर तरफ से कोई प्रकार के सहमति संबंधी कागज नहीं देवाय हे, आज की जनसुनवाई कोन आधार पर होवत हे, हम सब आपस में लड़ रहे हैं। इसकी जानकारी अधिकारी मन ल देना चाहिए, हमर गांव के आबादी दो हजार है। 25–50 झन ला कंपनी में काम दे के बात आथे, कंपनी द्वारा कोन मेर का उत्थान करे हे, ओकर कोई पता नही हे। पंचायत सहयोग कर रही तब बात बन पाही कंपनी लगे के, रोजगार देना गांव के मन ला ये ह नगण्य बात हे। जाने माने नेता योगेन्द्र तिवारी कलेक्टर से मीटिंग करीस, अउ कंपनी नइ लगाना हे, ऐसे बात करीस, खेती बाड़ी ला बचा के रखना हे, हमला कृषि बाड़ी जमीन ला बर्बाद नइ करना है। भारी उत्पादन वाले जमीन के ये एरिया आय, सब्जी, भाजी, टमाटर होवत रहीस, लेकिन कुछ उद्योग वाले जमीन लेकर वहां फैक्ट्री खोल लीस, हमर बाड़ी पपीता, आम, जाम आदि फल लगे हे, आप कइसे ढ़ंग से उद्योग लगाये के बात करत हव, एक प्रकार से विवाद की स्थिति बने हुए हे, एनओसी पंचायत से नहीं मिले है,

तो कईसे आप उद्योग लगाना है, के बात करत हव, मैं घोर विरोध करत हव, जय भारत माता की।

2. **श्री नेमसिंग साहू , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं एक कृषक हव, गांव में खेती बाड़ी करत हव, हम किसान कंपनी लगी ये बात सुनके तरमारा गेहन, ए क्षेत्र के का स्थिति होही कंपनी लगे से, उरला सिलतरा में नल के पानी, वातावरण ल देखत हन, अइसन उद्योग हमर क्षेत्र में नहीं लगाना चाहत हन, हम एकर शख्त विरोध करत हन। यहां हर प्रकार के फसल उगथे, यहां चावल, राहर, तिवरा, अलसी, टमाटर के खेती होथे, मैं अउ ज्यादा नही कहिथे होते हुए कंपनी के विरोध करत हव, प्रदूषणयुक्त फैक्ट्री नही लगना चाहिए।

3. **श्री कमल साहू, ग्राम–सांकरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं फैक्ट्री का विरोध करता हूं। कंपनी लगे से जन–जीवन में बहुत फर्क पड़ता है। खुला पैर चलने से पैर काला–काला हो जाता है। हम उपजाउ जमीन को बर्बाद नही करना चाहते हैं, जहरीला फैक्ट्री नहीं लगन देन, फूड़ प्रोडक्ट वाला कंपनी लगाना चाहिए, अनेक प्रकार की बीमारी आ सकती है। उद्योग तो 365 दिन चलेगा जिससे प्रदूषण होगा। ये फैक्ट्री हमें नही चाहिए। कृषि योग्य फैक्ट्री खोलना चाहिए, मजदूर का दोहन उरला, सिलतरा में होता है मैं घोर विरोध करता हूं।

4. **श्री परिवेश मिश्रा , ग्राम–मटिया, जिला–बेमेतरा।**

➢ मेरा गांव यहां से लगभग 15–20 किमी. की दूरी पर है। हमारा क्षेत्र पूरे भारत में सब्जी के लिये प्रसिद्ध है, कृषि प्रधान जिला है। दक्षिण भारत तक यहां की सब्जी भेजी जाती है। हमारा जिला सब्जी के लिए फेमस है। केड़िया डिस्टलरी के पीछे सब्जी की खेती की जाती है। वहां से लोग खरीदारी करना पसंद नही करते हैं। काला धुंआ से फसल बर्बाद हो रहा है। सरकार पूरा जिला में प्रदूषण वाली फैक्ट्री खोलना चाहती हैं। स्पंज आयरन कंपनी नहीं खुलना चाहिए, हम सब इसका विरोध करते हैं, इसे नहीं लगने देना चाहिए।

5. **श्री मेहत्तर राम साहू , ग्राम–भिंभौरी, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं आपके ऑफिस में जाकर चार बार कागज दे चुका हूं। फैक्ट्री खुले से हमला का हानि व का लाभ है ? केवल हानि है, अक्टूबर माह में चार बार मेरे द्वारा कागज दिया गया, मैं इस कम्पनी का विरोध करता हूं। मेरी जमीन में बराबर खेती नहीं हो रहा है। मैं किस प्रकार से किसानी करूंगा। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा अन्न पैदा होता है। आप फैक्ट्री खोलना चाहते हैं, तो क्या मानव पैसा खाकर जियेगा कि अन्न खाकर ? हमारी जनसंख्या ज्यादा से ज्यादा है। उरला में जाकर देखो वहां पानी, वातावरण प्रदूषित हो गया है। वह पानी हमारे सांकरा गांव से भी दिखता है। 5–6 किमी. में हम सबका गांव आश्रित है, शासन–प्रशासन से निवेदन है कि ये बात ला ध्यान में रखकर फैक्ट्री खुले के चान्स मत दो, आपसे बार–बार प्रणाम है।

6. **श्री अरूण कुमार परगनिहा, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं चण्डी मंदिर ल प्रणाम करत अपन बात के शुरूआत करत हव, आज सारडा एनर्जी के पावर प्लाण्ट लगना है, प्रहलाद अग्रवाल जी नीलगिरी के फार्म लगाये रिहीस, कुछ दिन बाद उसका मालिक बदल गया। सब्जी की खेती करता था। आज प्रदूषण की बात करता हूं। भीखम के साथ उनके द्वारा मारपीट किया गया था। लोहिया पेपर मिल, दुर्गा पेपर मिल आपके माध्यम से शिकायत किया गया था। अधिकारी जांच कर आ गये लेकिन कुछ नहीं हुआ सुनवाई, हमारे यहां दो–तीन उद्योग है। गुण्डागर्दी बहुत है वहां पर, बाहर के लोग आकर ऐ स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। हमारा क्षेत्र शांति प्रिय क्षेत्र है, हमारे क्षेत्र को

कृषि प्रधान क्षेत्र घोषित किया गया है। स्कूल, कालेज खुलेगा, सरकार बताये ये सब कहां खोला है ? अपनी बात यहां पर आकर रखे, मुद्दा रखत हे, हमन ल फैक्ट्री को खोलने की इजाजत देही ता हम जनसुनवाई के बात करबो, वर्तमान स्थिति में खेती–बाड़ी को सरकार क्यों बर्बाद कर रहा है। फैक्ट्री खोले के मैं विरोध करत हव। हमन आंदोलन के शुरूआत करे रहेन, कंपनी वाले के मिलीभगत से ये काम होवत हे, कुछ लोग समर्थक आ चुके है, कहां से आया है, नेवनारा सरपंच का है, हसदा सरपंच, चण्डी का सरपंच, सुरहोली का सरपंच, परगनिहा जी ऐसा टाईप का समर्थन नहीं करेंगे।

7. **श्री प्रकाश वर्मा, सेवा सहकारी समिति, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं विरोध करता हूं, कंपनी खुलने से किसान बंठाधार हो जायेगा। हम उरला, सिलतरा को देख रहे हैं, वहां किसानी खत्म हो चुका है। हम बेमेतरा जिला में कंपनी नहीं खोलन देन, सरकार कंपनी वाले के साथ हो गया है, हम प्लाण्ट लगने का विरोध करते हैं।

8. **श्री अलखराम पटेल, ग्राम–गोडगिरी, जिला–बेमेतरा।**

➢ ग्राम पंचायत आज यहां पर कंपनी लगाने का आदेश दे दिये, कंपनी लगने से हमारे धरती माता बांझ हो जायेगी तो हम कैसे करेंगे। हमें प्रदूषण वाले कंपनी नही होना चाहिए। कंपनी सरकार लगाये जिससे किसान के हित में हो, मैं सबसे से निवेदन करता हूं कि कंपनी न लगे ऐसा आंदोलन करते रहे। जय हिन्द जय भारत जय छत्तीसगढ़।

9. **श्री शिशिर वर्मा, ग्राम–कोटा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं बोलना चाहता हूं, सब विरोध कर रहे हैं, लिमिटेड कंपनी में प्रदूषण नहीं होता है यदि प्रदूषण हुआ तो इन्हें जुर्माना पटाना पड़ता है क्या आप मुझे 6 हजार की नौकरी दे सकते हैं ? आप मेरे से एक झन बात करव, बेरोजगारी ला मैं जानथव, मैं मानव मंदिर में कई बार देखा हूं। सारडा एनर्जी एक ऐसी एनर्जी कंपनी है। मेरी बच्ची का बी.ई. में सलेक्शन हुआ तो बी.ई. का फीस मैं जानता हूं। कंपनी बोली आपकी बच्ची का फीस हम पटायेंगे, मुझे घर बनाने के लिये पैसा दिया, मुझे करोना हुआ था तो मुझे सहायता दिया, मैं सहमत हूं।

10. **श्री ईश्वरी वर्मा, ग्राम–सिलघट, जिला–बेमेतरा।**

➢ प्रदूषण के नाम से गांव वाले हम सब मीटिंग ले हन, मैं कंपनी के विरोध में हूं।

11. **श्री गोपाल प्रसाद कुर्रे , ग्राम–बोरिया, जिला–बेमेतरा।**

➢ गांव को सुचारू रूप से चलाना है, मैं पूछना चाहता हू कि कंपनी जब बना रहा है। वो कहां का पैदाइशी है। ऐसे कंपनी बनाने वाले को पैसा की गरमी है। हमारे दुख दर्द सहने के लिये आया है। छत्तीसगढ़ीया भाईयों मुझे संगठन बल चाहिए। मेरा कृषि प्रधान देश है, टमाटर मैने 22 लाख में बेचा। कायर खोर फैक्ट्री नहीं चाहिए। कंपनी के अत्याचार को हम सहते रहेंगे, आज हमारी धरती माता संकट में है। उरला सिलतरा का पानी पीने लायक नही है। कंपनी का पानी मेरे गंगा मैया में जायेगे, तो क्या फैक्ट्री वाले हमारे दुख दर्द को समझेंगे, यहां की जनसुनवाई खुले मैदान में रखा है। जो गलत है, आप जानते है कितने दिन की जिन्दगी है।

12. **श्री संजय शर्मा, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं 40–45 साल से गांव में रह रहा हूं। यहां उद्योग लगाने कुछ लोग आये हुए है, यहां कंपनी नहीं लगाना है। हमको ऐसा प्लाण्ट नही चाहिए, यहां अपने जमीन में सब संतुष्ट है, जिसका नौकरी चाहिए वो उरला सिलतरा जाकर नौकरी करें। हमें प्लाण्ट नहीं चाहिए।

13. **श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ कंपनी लगे से क्षेत्र के जनता मन ला रोजगार मिलही ऐसी बात अभी कही जा रही थी, मैं नौकरी दूंगा उस व्यक्ति को मेरे पास आकर संपर्क करें, मैं 6000 रूपये माह में दूंगा। हमर आने वाला पीढ़ी के का होही ऐ बात ला सोचो, कंपनी आये से प्रदूषण फैलेगा। अतः मैं इस कम्पनी का विरोध करता हूं।

14. **श्री भोलूराम वर्मा, ग्राम–हरदी, जिला–बेमेतरा।**

➢ ये चण्डी माता के आज यहां आयोजन रखे गे हे, मैं विरोध करता हूं। सब किसानों की जमीन को लिया गया है, मैं अपन विचार पूरा विरोध करता हूं। हम सब किसान हन, सियान मन दूध के जरे मही ला फूंग के पीथे, उरला, सिलतरा येकर प्रत्यक्ष प्रमाण है। यहां सब उपस्थित है मैं सबका सम्मान करत हव, ये आकर यहां अशांति फैला रहे है, हम महेश तिवारी के मार्गदर्शन में चलेगे, लक्ष्मण प्रसाद के मार्गदर्शन में चलेंगे, ये कंपनी वाले पैसा वाले हैं, अशांति फैला रहे हैं।

15. **श्री नेतराम निषाद , ग्राम–खामतराई, जिला–बेमेतरा।**

➢ प्रदूषण फैक्ट्री हमर बेमेतरा जिला में नहीं बनना चाहिए मैं विरोध करता हूं।

16. **श्री पन्नालाल परगनिहा, ग्राम–भरदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मेरा ये कहना है कि आज कंपनी वाले आकर अपना कंपनी लगाना चाहते है ये तो दूर की बात है। वास्तविकता ये है कि पंचायत या शासकीय बाडी परमिशन नही देगा तो कोई कंपनी नहीं लगा पायेंगे। अपने गांव के पंचायत को देखना है कि क्या उसने परमिशन दे दिया है तो सबसे पहले गुनाहगार वो है। वो हमें प्रदूषण में झोकने की कोशिश कर रहा है, हमको अपने आप में संगठित होना है, हर तीन माह में ग्राम सभा होता है उसमें कोई नहीं आता है। हम उन्हें कमाई का जरिया दिये है, सारी चीजे ग्राम पंचायत में रोक लगा सकते हैं, बगैर पंचायत एनओसी के कंपनी नहीं लग सकती है किसी भी शर्त में नही डाल पायेगी। उरला, सिलतरा, बिरगांव आज वहां पर तप रहा है, ग्राम सभा की आपत्ति मिली है। इसे कलेक्टर महोदय को सौंपा जायेगा। मैं कल जा रहा हूं सीएम के पास, डायरेक्ट उनको मैं बात करूंगा। इससे अधिक नहीं कहना चाहता, धन्यवाद।

17. **श्रीमती चंद्रिका वर्मा , ग्राम–बेरला, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं बहुत विरोध करती हूं।

18. **वंदना साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ स्पंज आयरन की फैक्ट्री का मैं विरोध करत हव, उरला सिलतरा में पानी पीने लायक नहीं है। भारत माता की जय।

19. **श्रीमती सरस्वती साहू , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का सख्त विरोध करती हूं।

20. **श्री राजेश कुमार शर्मा , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इंजीनियर भी हूं। अभी वर्तमान में किसान हूं, भूले भटके को मार्ग दिखाता हूं, सेवा का कार्य करता हूं। हमें जरा भी भनक नही थी कि इतना बड़ा प्लाण्ट लगना है। सर्व जन सुखाय सर्व जन हिताय के तहत प्लाण्ट का इस क्षेत्र में लगाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। मैं इनका विरोध करता हूं।

21. **श्री राधेश्याम वर्मा, ग्राम–आनंदगांव, जिला–बेमेतरा।**

➢ इस प्रकार की इकाई का विरोध करता हूं। हम अनाज खाकर ही जिन्दा रहेंगे। लोहा खाकर कोई जिन्दा नहीं रहेगा। इस क्षेत्र में कंपनी नही होना चाहिए। मैं इनका पुरजोर विरोध करता हूं। आप सभी इसका विरोध करे धन्यवाद।

**22. श्री राहुल योगराज टिकरिहा , ग्राम–सिलघट, जिला–बेमेतरा।**

➢ लोक सुनवाई ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 के तहत कराई जाती है। उसमें स्पष्ट लिखा है कि लोक सुनवाई की प्रकिया 45 दिन के अंदर कराया जाता है। इन्हें लोक सुनवाई कराने का अधिकार नही है। दूसरे विभाग के माध्यम से लोक सुनवाई करवाई जानी थी। 1 फरवरी को ग्रामसभा बुलाई गई थी। जिसमें आज की लोक सुनवाई को सर्वसम्मति से आपत्ति दर्ज किया गया है। इसकी जांच की जाये। लोक सुनवाई की प्रक्रिया के तहत विज्ञापन के माध्यम से जानकारी दिया जाना चाहिए। गांव में मुनादी नहीं कराई गई है। वैसे ही जो ग्राम 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं उन ग्रामों में मुनादी कराई जानी थी। ये लोक सुनवाई अवैध रूप से हो रही है। लोक सुनवाई हमारे जिले को बंजर करने के उद्‌देश्य से किया जा रहा है। हमर जिला में 2 लाख 25 हजार 3 सौ उनसठ में हमन अन्य खेती करथन, एखर अलावा एक लाख 70 हजार के एरिया में हमन खेती करथन, ये वजह से हमर जिला ला खेती प्रधान जिला घोषित करे हे। हमर जिला में 60 हजार एकड़ में सब्जी व फल की खेती किया जाता है। हमर खाद्यान्न एरिया में कटौती हो रही है। हम विरोध करते हैं। कंपनी लगे से उस एरिया में अंधकार छा जायेगी, उरला की भूमि बंजर हो गई है। वहां सब करिया करिया दिखथे, आप हमर जिला ला काला–काला करना चाहत हो का ? ओनहारी मे हमर जिला सबसे प्रथम है। बेरला बेमेतरा जिला ओनहारी बर प्रसिद्ध है। हमर पर्यावरण ला नुकसान पहुंचाये के कोशिश किया जा रहा है। हमारे यहां दुग्ध उत्पादन किया जाता है। लगभग 1 लाख टन के आसपास, घास नही होगा तो दुग्ध कहां से आयेगा। कृषि प्रधानता को खत्म किये जाने की कोशिश की जा रही है, आपके द्वारा प्रस्तावना के तहत द्वितीय फसली हमर रकबा दिखाया गया है वह महज 6.9 प्रतिशत रकबा में द्वितीय फसली रिपोर्ट दिया गया है। आपकी ये प्रस्तावना रिपोर्ट गलत है। आपके कंपनी से राख, तेल निकलेगा उससे जमीन बंजर हो जायेगी। मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं, आपत्ति करता हू। मैं आवेदन प्रेषित करता हूं। ये लोक सुनवाई अवैध रूप से हो रही है। हम सब पूरा ग्रामीण किसान एक मत हन, यहां पर एक व्यक्ति समर्थन करीस कंपनी के, वो आदमी ग्राम कोटा का है, बेमेतरा जिला का वह व्यक्ति नही हैं। वह प्रशासनिक सुरक्षा में है। उससे जानकारी ली जाये, अगर कोई अधिकारी कोई बात रखते हैं तो उसे पकड़ लिया जाता है। धन्यवाद।

**23. श्रीमती कुमारी, ग्राम–बोरिया, जिला–बेमेतरा।**

➢ कंपनी के मैं विरोधी हव।

**24. श्रीमती दशरीत, ग्राम–बोरिया, जिला–बेमेतरा।**

➢ कंपनी नहीं होना चाहिए।

**25. श्री दुर्गेश कुमार वर्मा, ग्राम--हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ अभी जिस स्थान जन सुनवाई हो रही है। उस जमीन को हम रनिंग करते मॉर्निंग वाक करने आते है। अखोली में जो फैक्ट्री है वहां का धुआं यहां तक आता है आप लोग बोलते हो कि स्कूली बच्चे पढ़ नही पाते तो उसको पढ़ाने की बात आप करते हो, हम बेमेतरा जिला में निवास करते हैं, ये जिला कृषि प्रधान जिला है। ऐसे ओनहारी प्रसिद्ध को प्रदूषित करना उचित है ? हम बात रखने आते हैं तो हमारे बात सुना जाये, मैं एम.एस.सी किया हूं, मैं प्रदूषण के बारे में जानता हूं। लोहिया मिल से अपशिष्ट पदार्थ निकलता है। झिल्ली निकलता है। जिसे रास्ते में फेंक दिया जाता है जिससे प्रदूषण होता है। नदी अपने आप खराब नही होती है। कृषि अंचल क्षेत्र को प्रदूषित करने की कोशिश की जा रही है। यहां पर फैक्ट्री नही चाहिए। जय जवान जय किसान।

26. **श्री चितरेन साहू, ग्राम–सिंघरौली, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं किसान हूं। टमाटर की खेती करता हूं, कंपनी नहीं लगना चाहिए। मैं विरोध करता हूं।

27. **श्रीमती उषा वर्मा, ग्राम–भिंभौरी, जिला–बेमेतरा।**

➢ यह कंपनी नही चाहिए।

28. **श्रीमती लता मानस, ग्राम–भिंभौरी, जिला–बेमेतरा।**

➢ हमें कंपनी नहीं चाहिए।

29. **श्रीमती सुरेखा पाटिल, ग्राम–भिंभौरी, जिला–बेमेतरा।**

➢ फैक्ट्री का विरोध करती हूं, इसे कृषि प्रधान रहने दो।

30. **श्रीमती देवकुमारी, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस फैक्ट्री का विरोध करती हूं।

31. **ओमेश्वरी साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं स्टुडेण्ट हूं। पर्यावरण पर फैक्ट्री लगने से प्रदूषण होगा। मैं विरोध करती हूं।

32. **श्रीमती निर्मला बाई, ग्राम–बोरिया, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

33. **श्री किशोर कुमार शर्मा, ग्राम–बेरला, जिला–कबीरधाम।**

➢ यहां की भौगोलिक महत्व को दो शब्दों में रखना चाहता हूं। यहां मांघी पूर्णिमा का मेला लगता है। मैं कंपनी लगने का विरोध करता हूं। उद्योग नीति के अंतर्गत अ, ब, स, द के तहत बेमेतरा को किस श्रेणी में रखा गया है। अगर स में रखा गया है तो बेमेतरा में कंपनी नही लगाई जा सकती। हमारी मां चूल्हा में खाना बनाती थी तो पाल्यूशन होता है। कोरबा को विश्व के 50 शहरों में पाल्यूशन युक्त शहर नासा ने घोषित किया है। हम लोग आम किसान है। आप लोगों के पास 100 आवेदन गया है, मेरे पास विडियो भी है। डाक्टरो द्वारा स्पष्ट कहा गया है, ये किसानों को उल्लू न बनाओं सर, रोजगार के तहत भिलाई स्टील प्लाण्ट को कई गांव वहां से पलायन कर गया, आप लोग कितने रोजगार दे देंगे, जनसंख्या 1200 है, ढाई सो एकड़ घास जमीन है। आप वहां पर कितने लोगों को रोजगार देंगे ? ये किस कैटेगरी में आता है ? खारून नदी में पाल्यूशन काफी फैलाया गया है, मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं। हमारा किसान का बेटा आज तक कोई मंत्री नही बना। जय हिन्द जय छ0ग0 जय भारत।

34. **श्री मोहनलाल निषाद , ग्राम–गब्दा, जिला–बेमेतरा।**

➢ चार गांव के पास बारूद फैक्ट्री खुला है, वहां का पानी उससे पानी प्रदूषित हो गया है। इस कंपनी का मैं विरोध करता हूं।

35. **श्री दीपेश साहू , जिला–बेमेतरा।**

➢ सरदा, बोरिया, बार–बार जन सुनवाई समझ में नही आ रही है, बार बार विरोध है। किसान भाई मन के समस्या का हे, ये सब जान गये हैं, किसान को कंपनी से कोई लाभ नहीं है, किसान मन के तड़प को आप नही जानते है, वे कृषि कार्य में ही अपना जीवन यापन करते हैं, आप उसकी प्रतिष्ठा से खेल रहे हैं, हम सब पुरजोर विरोध करते हैं। भारत माता की जय चण्डी माता की जय।

36. **श्री संतोष साहू, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ अभी सभी ने अपनी अपनी अच्छी बात बोली, सबका मैं सम्मान करता हूं। हमारा जिला कृषि प्रधान जिला है, जब हम उरला सिलतरा से गुजरते हैं तो हमारा शर्ट गंदा हो जाता है। वहां काम करने वाले श्वांस की बीमारी से मर जाते हैं। किसान अपना विरोध नही कर सकता है, आप सब बुद्धिजीवी हो। मैं इसका विरोध करता हूं।

37. **श्री भीखम प्रसाद साहू , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➤ मैं विरोध करता हूं। आज के उपस्थित सभी लोग नेवनारा के नही है केवल किसान समाज के लोग हैं, इनका कहना कि कंपनी नही खुलना है। अधिकारी, कर्मचारी भी किसान के बेटा आय, हम सुबह उठकर कृषि कार्य करने जाते थे। आज वो जगह में कइसे लोहा ला बोवन देबो, ये किसान मन के सोच बन गे हे। हमर गांव में बैठक भी कराये रेहेन। 22 गांव के बैठक कराये गे रिहीस, हम सब तुहर संग दे बर तैयार हन अइसे बोलिस। हम कंपनी नहीं खुलन देन ये सब किसान के आवाज रिहीस, नेवनारा में दो ठन कंपनी हवे। हम आंदोलन करेन मॉ चण्डी के दरबार मे, जाके कंपनी में देखिस तो चकित रहीगे। वुहां आदमी खडे नहीं हो सके त काम कइसे करही। कंपनी खोलना है तो कृषि आधारित कंपनी खोला जाये। एकर से किसान मन जीही, अउ तहु मन जीहू, परियापरे क्षेत्र के कोई पुछैया नही ए। हमन कोदो दर्रा खाकर अपना पेट भरे हन, तुमन ककरो बात मे मत आवो। अगर यहां कंपनी खुल जही ता का होही एला सोचो। जब किसान उमड़ जथे त बड़े बड़े मन के नानी याद आ जथे। किसान बहुत बड ताकत आये। हमन विधायक नेता बनाथन, शासन बनाथन, मुख्यमंत्री बनाथन, कंपनी के विरोध करत हव। हम आने वाले भविष्य के बारे में सोचअत थन, जब तक किसान पैदावारी नही करही तब तक कोई जिन्दा नही रही। जय भारत जय छत्तीसगढ।

38. **श्रीमती अन्नपूर्णा निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➤ इस कंपनी का विरोध करती हूं।

39. **श्रीमती रत्ना निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➤ इस कंपनी का विरोध करती हूं।

40. **श्री गोवर्धन साहू , ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➤ मैं इस कम्पनी का विरोध करता हूं।

41. **डॉ0 शिरीश शर्मा, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➤ यहां बहुत बड़ा कम्पनी आ रहा है। इससे शरीर को नुकसान होना है, बीमारी होगी, स्पंज आयरन के डस्ट से बीमारी होगी, खेती को नुकसान होगा। लोहिया पेपर मिल व नव दुर्गा पेपर मिल हमारे दो कंपनी चल रही है, ईएसपी उस कंपनी नही लगाया गया है। पानी को फिल्टर नही किया गया। ईटीपी नही लगाया गया। मैं पुरजोर विरोध करता हूं।

42. **श्री चुरामन साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➤ मैं विरोध करता हूं। मैं किसान आदमी हूं।

43. **श्रीमती उर्मिला साहू, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➤ इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

44. **श्रीमती प्रेमीन निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➤ इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

45. **श्री किशोर कुमार दुबे, ग्राम–ढाबा, जिला–बेमेतरा।**

➤ विरोध करता हूं। लोहिया पेपर में गया, सर्वे किया, तो पता चला कि गांव के गाय डस्ट युक्त पानी वहां पीते है। जिससे 7 गाय मर गई, मंदिर में हमारा विरोध किया गया। सिलतरा, मांडर, टिकारी मैं घूमने गया। वहां पर सारी खेत बंजर थी, जो बोये थे वहां काला–काला दिखा, डस्ट की स्थिति थी। 15 किमी. दूर मोर ढाबा पडथे, तरीया नहाने के समय काला दिखता है। डस्ट से हमारे 07 किमी. में फैक्ट्री खुलने से डस्ट जरूर आयेगा, धान काला हो जायेगा। उसे कोई नहीं लेगा। कपड़ा काला हो जाता है। हम किसान स्वतंत्र जीवन से किसानी करते है। एक बार कृषि कर छःमाह तक आनंद जीवन व्यतीत

करते हैं। इसे धान का कटोरा कहते है। तो इसे बर्बाद मत करो। आप भी किसान के बेटा हो। तो हम सब विरोध करते हैं।

46. **श्रीमती रामप्यारी, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

47. **श्रीमती पुष्पा वर्मा, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

48. **श्रीमती रेवती, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

49. **श्री रूचिरेश्वर कुमार वर्मा , ग्राम–करेली, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं कृषि कार्य करता हूं। कंपनी का विरोध करता हूं।

50. **श्री रमेश कुमार साहू , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का पुरजोर विरोध करता हूं। यहां दो कंपनी है जिसमें डस्ट उड़ता है, हमारी जमीन बंजर हो गई है।

51. **श्री हर्षवर्धन तिवारी, ग्राम– बालसमुन्द, जिला–बेमेतरा।**

➢ सब लोग प्रदूषण के बारे में बता रहे हैं। इसके लगने से क्या फायदा, नुकसान है ? मैं दावा करता हू यहां पर फैक्ट्री खुलेगा, ये दावा है, ये भूमि अलग भूमि है। यहां के जनता ल नहीं खरीद सके ये लोग, उद्योग खोलने के पहले नीति बनाना चाहिए। वहां कृषि कार्य के बारे में जानकारी लेनी चाहिए। बेमेतरा जिला में उद्योग खोले बर पूरा जोर लगा दिये हैं। हमर लाश में उद्योग खोले जाये। किसान का कोई जात नहीं होता है। अन्य जगह में उद्योग लगाया जाये, यहां पर नहीं लगाया जाये। यह क्षेत्र कृषि क्षेत्र है। प्रदूषित उद्योग यहां पर न लगाया जाये। यहां के किसान जीवट किसान है, ऐसे किसान पूरे छत्तीसगढ़ में नही है। मैं इसका पुरजोर विरोध करता हूं।

52. **श्रीमती प्रमिला साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं गांव वाले के साथ हूं। हमें ग्राम पंचायत एनओसी का प्रूफ चाहिए। आप सबसे ज्यादा पढ़े लिखे ऐसा गांव वाले बोल रहे हैं। मेरे उपर इल्जाम लगाया जा रहा है। राहुल टिकरिहा एवं अन्य के द्वारा दोषारोपण किया जा रहा है। मैं चण्डी माई के कोरा मे बैठे हो, ये जनसुनवाई ल रद्द किया जाये। डायवर्सन के संबंध में जानकारी चाहिए। आप लोग मास्क क्यों पहने है। इसका भी प्रूफ चाहिए, नियम का पालन करे। मेरे द्वारा राहुल टिकरिहा को बोला गया कि आप बच्चों को घर घर घुमा रहे है। तो उनके जगह उनके माता पिता को लेकर जाओ, दुकानदार समान खरीदने के बाद उसका लिस्ट देगा। मुझे उनके द्वारा रजिस्टर दिखाने को कहा गया, मैं शुरू से जनता के साथ हूं। मैं शुरू से विरोध कर रही हूं कि प्रदूषणयुक्त कंपनी नही चाहिए। मेरे पूरे पंच पर आरोप लगा है। मेरे उपर दबाव बनाया जाता है। ग्रामसभा सभी के लिये होता है। मुझे 15 दिन से प्रताड़ित किया जा रहा है। मुझे इसका जवाब चाहिए, एक महिला को ऐसा प्रताडित किया जा रहा है।

53. **श्रीमती अंजनी साहू, ग्राम– नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

➢ स्पंज ऑयरन कम्पनी का विरोध करने आई हूं।

54. **श्रीमती खेमीन साहू, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

55. **श्रीमती जमुना यादव, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

56. **श्रीमती राम प्यारी, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

57. **श्रीमती कुंती वर्मा, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- धूल डस्ट नहीं होना चाहिए। कम्पनी नहीं चाहिए।

58. **श्रीमती कुन्दा बघेल, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

59. **श्रीमती द्रौपदी पुरूषोत्तम साहू, ग्राम– देवादा, जिला–बेमेतरा।**

- ये बेमेतरा क्षेत्र किसान लोगों का है। यहां कृषि योग्य फसल लगती है। अगर यहां फैक्ट्री लगेगी तो धूल डस्ट फैल जायेगा, यहां कंपनी न लगे। हम इसका विरोध करते हैं।

60. **श्रीमती तेजस्वी डहरिया, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी विरोध करती हूं।

61. **श्रीमती पार्वती साहू, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

62. **श्रीमती लक्ष्मी साहू, ग्राम– नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी विरोध करती हू। कंपनी बन्द करना चाहती हूं।

63. **श्रीमती सरस्वती कमल किशोर साहू, ग्राम–बेरला, जिला–बेमेतरा।**

- स्पंज ऑयरन कम्पनी का विरोध करती हूं। कम्पनी नहीं खुलना चाहिए।

64. **श्री हरीशचंद्र बंछोर, ग्राम–नेवनारा जिला–बेमेतरा।**

- एनओसी के बगैर जन सुनवाई किया जा रहा है की नही, अगर नही है तो इसे बहिष्कृत किया जाये।

65. **श्रीमती सूरजा बाई ध्रुव, ग्राम– उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- यहां कम्पनी नहीं होना चाहिए।

66. **श्रीमती राधा निषाद, ग्राम– उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- यहां कम्पनी नहीं होना चाहिए।

67. **श्रीमती चेतन साहू, ग्राम– हसदा, जिला–बेमेतरा।**

- यहां कम्पनी नहीं होना चाहिए।

68. **श्री नारायण प्रसाद वर्मा, ग्राम– ढ़ाबा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं प्रस्तावित संयंत्र का विरोध करता हूं। अभी हम खुला हवा मे सांस लेवत हन, एमे जहर झन घोलवो साहब, ये क्षेत्र कृषि क्षेत्र है। हमन अतकेच में खुश हन, हम किसानी में खुश हन। अभी मैं सरपंच दीदी ल सुनत रहेव कि प्रकिया जो एनओसी के हे ओखर बारे में प्रशासन ल जवाब देना चाहिए। ये मोर गांव ढ़ाबा आये नदिया के खाल्हे मे बसे है। वहां का पानी पहले साफ सुथरा था। अब नहाने के योग्य नही है। संयंत्र के विरोध करत हव।

69. **श्री राजकुमार मधुकर, ग्राम–देवादा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं विरोध करता हूं। इससे धूल डस्ट होगा, जो फेफड़ा जाकर आदमी को बीमार कर देगा। यहां स्वामी विवेकानंद जी दो साल यहां पर रूके थे। वन के सुंदरता लिखे है फैक्ट्री के सुंदरता नहीं लिखे है। किसानी करना है किसान तोर काम ये, यहां फैक्ट्री होनच नही चाही। जय जवान जय किसान।

70. **श्रीमती लकेश्वरी निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

71. **श्रीमती संध्या परगनिहा, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं विरोध करती हूं। मेरा विरोध दर्ज किया जाये,। मैं कहना चाहती हूं माननीय भूपेश बघेल हमर ये क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां प्रदूषण वाली फैक्ट्री क्यो डालना चाहते हैं ? भाई आशीष छाबड़ा को कोई दर्द नही होता है। मैं एक स्वयं किसान हव, यहां दो फैक्ट्री खुलने से चार गांव प्रभावित है। आप स्कूल में बच्चों के कपड़े देखोगे तो पता चलेगा कि शाम को उनका कपड़ा धूल डस्ट लग जाता है। यहां के कई किसान अपनी जमीन धूल डस्ट को देखकर अपनी जमीन बेच दिये। ये कंपनी खुलने से किसान कहां जायेंगे, कहां रहेंगे। अगर उद्योग लगाना है तो आलू से सोना बनाने की फैक्ट्री खोलो। बेमेतरा जिला हरभरा है। इसे मरूस्थल मत बनाओ, यहां पर फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्री लगाया जाये। इनके द्वारा आज यहां चार कोस भाठा में जनसुनवाई रखी गई है। जय हिन्द जय भारत जय छत्तीसगढ़।

72. **श्री बंशी राठी, ग्राम–कुसमी, जिला–बेमेतरा।**

➢ कम्पनी का घोर विरोध करता हूं। भोली भाली जनता को आप क्यों मारने पर तुले हो। सिलतरा में देखें किसान अपना जीवन यापन कैसे कर रहा है। वहां फसल बर्बाद हो गई है। यहां पर सरपंच आकर बोल रहा है कि हमने एनओसी नही दी तो कौन बोल रहा है कि एनओसी जारी की, यह जनसुनवाई का हम घोर विरोध करते है। पण्डाल लगा तो समझो फैक्ट्री लग गई। सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तूली हुई है। मुड़पार में सरकार जमीन भी देने लगी है ऐसा पता चला है। सरकार किसान को 100 प्रतिशत सबसिडी दी क्या, हम क्या कैदी है, कैदी से बुरा बरताव किया जा रहा है। इनके द्वारा, शुगर फैक्ट्री खोलिये, किसान उसका स्वागत करेगा। हम यहां पर एक भी उद्योग यहां पर लगने नही देंगे, तीन कृषि कानून को वापस किया गया। किसानों की भलाई के लिये, विकास के लिये उसके बारे में सोचिये, फैसला कीजिये। उद्योग के लिये एक एरिया निर्धारित करिये, हम उद्योगों के विरोध में नही है। आप पूरी जनता को बर्बाद करने में लगे है। किसानों को 100 प्रतिशत सबसिडी मिले। किसाने ट्रेक्टर 10 लाख के ट्रेक्टर को 15 लाख में लेता है, हम आखिरी सांस तक उद्योग लगने नही देंगे, यहां से उनको भगाकर छोड़ेगी। जय जवान जय किसान।

73. **श्रीमती रोमती विश्वकर्मा , ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मोला कंपनी नहीं चाही।

74. **श्रीमती मीना ध्रुव , ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ कम्पनी के विरोध करत हव।

75. **श्रीमती शिवकुमारी निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

76. **श्रीमती शशीकला निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ गांव में कम्पनी नहीं खुलना चाहिए। गांव बर्बाद हो जायेगा।

77. **श्रीमती गुलाबा निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ कम्पनी नहीं खुलना चाहिए।

78. **श्रीमती शशी निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

79. **श्रीमती हेमलता निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- हमारे क्षेत्र में कम्पनी नहीं खुलना चाहिए।

80. **श्रीमती यशोदा निषाद , ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- यह कम्पनी नहीं चाहिए।

81. **श्री देवेन्द्र यदु, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- मेरे गांव में 26 जनवरी को रैली बच्चों को नही घुमाया है। बच्चो को 28 जनवरी गांव– गांव घुमाया है, जवाब दो ? कंपनी नहीं खुलना चाहिए हम इसका विरोध करते हैं। यहां टोटल पंच व सरपंच यहां पर आये और बताये कि एनओसी दिये है कि नहीं दिये है। गांव में बात चल रहा है वे एनओसी दे दिये है। मेरे गांव में कंपनी नही खुलना चाहिए। उसमें मेरा भी नुकसान है। लेकिन यहां अभी आदमी अपने अपने बोल रहे है कि एनओसी दे दिये है तो कंपनी खुल जायेगा। हम जब तक समर्थन नही करेंगे, तब तक सरपंच कुछ नहीं कर पायेगा।

82. **श्रीमती मोना निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

83. **श्री पुनीत शर्मा, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- मेरे पवित्र भूमि में दूषित गैस वाला कंपनी नहीं चाहिए। मैं इस उद्योग का विरोध करता हूं।

84. **श्री कुंजलाल साहू, ग्राम–भिंभौरी, जिला–बेमेतरा।**

- सब तो बोली डरे है, मैं विरोध करत हव।

85. **श्रीमती पूरन, ग्राम–ढ़ाबा, जिला–बेमेतरा।**

- कम्पनी के विरोध करे बर आये हों।

86. **श्री राजकुमार लहरे , ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- मेरे जानकारी में कोई एनओसी नहीं दिया गया है। कई लोग हमारे उपर आरोप लगा रहे है। कंपनी हमला ता चाहिए नहीं। हम कलेक्टर मेर गे रहेन पूरा वीडियाग्राफी होहे नही देखे हो का।

87. **श्रीमती उर्मिला निषाद , ग्राम–ढाबा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं यह कम्पनी नहीं चाहती हूं।

88. **श्रीमती श्रीमती निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

89. **श्रीमती उर्मिला ध्रुव, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

- मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

90. **श्री टेकराम साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- बिना एनओसी के जन सुनवाई होता है क्या बताये, कंपनी के विरोध में हैं। इसका जानकारी पंचायत से हमें चाहिए।

91. **श्री मुकेश साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- आज नेता अभिनेता बनने आये हैं। यहां पर, मैं छोटे किसान का बेटा हरव, इनका काम केवल हम सब को लड़ाना है। किस टाईप से ये रखा गया है। जय हिन्द जय भारत।

92. **श्री मनोज तिवारी, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

- जब तक एनओसी के बारे में जवाब नहीं दिया जायेगा। तब तक मैं यहां से नही हटूंगा। ये जनसुनवाई नहीं होगी। आगे कि प्रकिया नहीं होगी। लोक सुनवाई अवैधानिक है। मैं योगेश तिवारी को बुलाना चाह रहा हूं। भारत माता की जय।

93. **श्री लोकेश साहू, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस फैक्ट्री का विरोध करता हूं।

94. **श्रीमती देवकी निषाद, ग्राम–उफरा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करने के लिए आई हूं।

95. **श्रीमती धनबाई निषाद, ग्राम–नेवनारा, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करती हूं।

96. **श्री दुर्गा प्रसाद टिकरिहा, ग्राम–हसदा, जिला–बेमेतरा।**

➢ कंपनी से जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। ऐसी कंपनी का हम भरपूर रूप से विरोध करते हैं।

97. **श्री मुरारी ठाकुर, ग्राम–चण्डी, जिला–बेमेतरा।**

➢ मैं इस कम्पनी का विरोध करता हूं।

98. **श्री पोषण वर्मा, ग्राम–अकोली, जिला–बेमेतरा।**

➢ कम्पनी का सक्त विरोध करता हूं। दो कम्पनी लगा है। नेवनारा में जिससे प्रदूषण होता है।

99. **पूजा टिकरिहा, ग्राम–बेरला, जिला–बेमेतरा।**

➢ उद्योग स्थापना के संबंध में मैं आपत्ति दर्ज कराने आई हूं। उद्योग से गंभीर खतरे की आशंका है। गन्दे पानी व धुंआ से आसपास के तालाबों का पानी गंदा होगा। हमारा जिला कृषि प्रधान हैं। उद्योग लगाने से क्षेत्र प्रभावित होगा। जल, वायु, भूमि प्रदूषित होगी। सारड़ा मिनरल्स लि0 के द्वारा आयोजित जन सुनवाई का मैं विरोध करती हूं।

100. **श्री योगेश तिवारी, जिला–बेमेतरा।**

➢ यहां पर जितने इकट्ठे हुए वे सभी किसान भाई है। सब की एक ही राय है कि यहां प्लाण्ट नही लगना चाहिए। सरकार एक तरफ प्रदूषणमुक्त करने के पेड़ पौधा लगाती है, शुद्ध आक्सीजन मिले, शुद्ध वातावरण जिस जिले में चारो तरफ सभी प्रकार के फसल होती है। वहां पर 100 प्रतिशत सबसिडी उद्योग का दर्जा किस प्रकार दिया गया है। ये मैं आपसे जानना चाहता हूं। बेमेतरा जिला को उद्योग का दर्जा कैसे दिया गया ? यहां पर आज तक एक फूड प्रोसेसिंग प्लाण्ट नहीं खोला गया है। यहां खारून व शिवनाथ नदी है जिसे प्रदूषित मत करिये। इससे प्लाण्ट वालों को पानी दिया जा रहा है। इससे लगा हुआ है सिलतरा, उरला, वहां का छत काला, कपड़े काले, आक्सीजन लेने वाले वहां के लोग बीमार हैं। किसी का भला हो न हो लेकिन डाक्टरों का भला जरूर होगा। दमा के पेसेन्ट हो जायेंगे, मजदूरों की स्थिति दयनीय हो जायेगी। कंपनी कें बाजू में मेरी जमीन है। अगर वहां पर फसल नही होगा तो उसकी जवाबदारी कौन लेगा ? कौन अधिकारी को सरकार नियुक्त किया है। ऐसे किसानों को उसके फसल का मुआवजा कौन देगा ? यहां इण्डस्ट्री बनाने का शौक है, हम गांव से जायेंगे कहां, उस जमीन को एक आश्रम वाले को दान देने वाला हूं। वहां पर कंपनी वाला अपना प्लाण्ट नही लगा पायेगा। बार बार हमारे द्वारा आवाज उठाया जा रहा है, एनओसी जारी नहीं हुआ है। पंच, सरपंच और सभी आज यहां पर आकर बोल रहे है कि एनओसी नही दिया गया है। तो जनसुनवाई हो सकती है क्या ? सब से निवेदन है कि अगर प्लाण्ट नही लगाना है तो किसी भी प्रकार काम्पीटिशन नही करना है तो हम सब एक हो जायेंगे तो कोई कंपनी नहीं लगायेगा। पहले ऐसी जनसुनवाई नही होता था और लोगो की आवाज सुनते है। आप जैसे जेल में बन्द होकर आवाज सुन रहे है। आप भी कोई न कोई किसान पुत्र है। यहां क्या स्थिति होने वाली है कंपनी खुलने से आप भी जानते हैं। किसान को झूठा प्रलोभन दिया जा रहा है। स्कूल

